भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3616

उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

बिहार में अटल टिंकरिंग लैब्स

3616. **श्री दिनेश चंद्र यादव:**

श्री रामप्रीत मंडल:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025-26 के केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप बिहार में जिला-वार कितने सरकारी विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) स्थापित किए गए हैं;

(ख) बिहार में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित करने के लिए चुने गए सरकारी स्कूलों की संख्या का जिला-वार और चरण-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार में अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना के लिए अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और व्यय की गई है और प्रत्येक विद्यालय को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत छात्रों को प्रदान की जाने वाली नवाचार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मुद्रण और उद्यमिता से संबंधित सुविधाओं और प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 में जिज्ञासा और नवाचार की भावना उत्पन्न करने और युवा मस्तिष्क में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) की स्थापना की घोषणा की। यह योजना शिक्षा मंत्रालय में तैयार किए जाने के चरण में है।

******